बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, पटना–1

पत्रांक________ दिनांक 21.8.2000

प्रेस विज्ञप्ति

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक संघ भवन में संघ के अध्यक्ष श्री वजीन्द्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में दिनांक 20–08–2000 को संघ के गया क्षेत्रीय सम्मेलन की उपलब्धि एवं संघ द्वारा प्रायोजित आन्दोलनात्मक कार्यक्रम की समीक्षा की गयी।

संघ के गया क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष श्री डब्लू0एन0 सिंह द्वारा की गई जिसमें मध्य एवं दक्षिण बिहार के 15 जिले के प्रतिनिधि उपस्थित हुए थे। साथ ही गया जिला इकाई के सभी सदस्य एवं केन्द्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बड़ी संख्या में सम्मेलन में भाग लिये। इस सम्मेलन में संघ के वर्त्तमान आन्दोलननात्मक कार्यक्रम को चलाते रहने के साथ–साथ दूसरे चरण के सामूहिक अवकाश से संबंधित आन्दोलन को शत–प्रतिशत समर्थन दिया गया एवं चट्टानी एकता का दृढ़ संकल्प लिया गया। यह भी निर्णय हुआ कि जबतक संघ की प्रमुख मॉगें खासकर बेसिक ग्रेड पदाधिकारियों को 8000 से 13500 अपर सचिव के वेतनमान 16000 से 20000 एवं विशेष सचिव का वेतनमान 18000 से 22000 तथा प्रोन्नतियों के संबंध में आदेश निर्गत नहीं होता है तबतक आन्दोलन को बनाये रखा जाय। यदि सामूहिक अवकाश की अवधि में सरकार आदेश निर्गत नहीं करती है तो दिनांक 28–08–2000 को पटना में ब्रोड वेस्ट कमिटी की बैठक बुलाकर आन्दोलन के अगले चरण के संबंध में निर्णय लिया जाय।

मध्य एवं दक्षिण बिहार के उग्रवाद प्रभावित अंचल प्रखण्डों में अंचल गार्ड की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने से उत्पन्न असुरक्षा के संबंध में यह भी घोषणा हुई कि अगर एक सप्ताह के अन्दर सभी प्रखण्ड/ अंचल में अंचल गार्डो की प्रतिनियुक्ति नहीं हुई

तो हम अपने सदस्यों को अपने जिला मुख्यालय में योगदान देने का निदेश निर्गत करेंगें।

आन्दोलन के 15वें दिन "Work - to - Rule and Law & Order " के बहिष्कार की समीक्षा की गयी एवं राज्य के सदर जिलों से प्राप्त सूचनानुसार हमारे सदस्य इसे निदेशानुसार अनुपालन कर रहे हैं जिसके लिए उन्हें वधाई दी गयी और निदेश दिया गया कि संघ के घोषित कार्यक्रमों के अलावे अगले चरण के आन्दोलन के लिए भी तैयार रहें एवं किसी भी तरह के अफवाह से बचें। आज के कुछ समाचार पत्रों में संघ से संबंधित समाचार किसी एक व्यक्ति की अपनी भावना से संबंधित है, जो संघ की आम भावना को पारलक्षित नहीं करता है तथा उससे दिग्भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है। संघ हमारी शक्ति है तथा हम संघ के तमाम सदस्यों के हितो की रक्षा के लिये उन्मुख हैं। आनेवाला समय इसे साकार करेगा। संघ इस बात से आश्वस्त है।

अन्त में सरकार द्वारा संघ के लम्बित मांगों के प्रति बरती जा रही उदासीनता की तीव्र भ्रत्सना करते हुए सम्बद्ध शीर्ष पदाधिकारियों की भूमिका की तीव्र आलोचना की गयी एवं चेतावनी दी गयी कि संघ के अगले चरण (सामूहिक अवकाश) से उत्पन्न स्थिति की सारी जिम्मेबारी सरकार पर होगी।

संघ एकता जिन्दाबाद जय संघ

ह0 ह0

(गंगाधर लाल दास) (वजीन्द्र नारायण सिंह)

महासचिव, अध्यक्ष

ज्ञापंक 139 / दिनांक 21.8.2000 /

प्रतिलिपि :– निदेशक,दूरदर्शन,पटना / आकाशवाणी,पटना / समाचार सम्पादक, सभी दैनिक हिन्दी एवं अॅग्रेजी समाचार पत्र, पटना,रॉची,धनबाद,डाल्टेनगंज एवं ब्यूरो प्रमुख, यू0एन0आई0 / पी0टी0आई0 को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित।

(गंगाधर लाल दास)

महासचिव,